पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

मा0 प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिल रही नई मजबूती

—श्री केशव प्रसाद मौर्य

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उद्यमियों, महिलाओं, वंचित वर्गों और किसानों के हित में केंद्रीय मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण निर्णय

सूक्ष्म उद्यमों को मिलेगा आर्थिक संबल, स्टैंड—अप इंडिया योजना से 2.5 लाख नए उद्यमियों को मिलेगी वित्तीय सहायता

रबी सीजन 2026—27 के लिए ₹62,370 करोड़ की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी, किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

लखनऊ : 12 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। बुधवार को प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय उद्यमियों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों तथा अन्नदाता किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होंगे।

श्री मौर्य ने कहा कि सूक्ष्म इकाइयों के लिए ऋण गारंटी निधि को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने तथा ₹5,000 करोड़ के कोष को मंजूरी देना छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस निर्णय से आगामी पांच वर्षों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ₹12.6 लाख करोड़ के ऋण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही गारंटी शुल्क को 1 प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत वार्षिक किए जाने से सूक्ष्म उद्यमियों पर वित्तीय बोझ कम होगा तथा उन्हें अपने कारोबार के विस्तार और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में प्रोत्साहन मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्टैंड—अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने का निर्णय सामाजिक एवं आर्थिक समावेशन

की दिशा में अत्यंत सराहनीय है। इसके अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के 2.5 लाख अतिरिक्त उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के प्रारंभ से अब तक 2.75 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण सहायता मिलना इसकी सफलता और प्रभावशीलता का प्रमाण है। यह योजना समाज के वंचित वर्गों को उद्यमशीलता से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन रही है।

श्री मौर्य ने कहा कि अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2026–27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश (P–K) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (NBS) दरों को मंजूरी प्रदान की है। इसके लिए लगभग ₹62,370 करोड़ की अनुमानित सब्सिडी का प्रावधान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे खेती की लागत को नियंत्रित रखने के साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कृषि क्षेत्र को नई गति देने में मदद मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों का मूल उद्देश्य गरीब, किसान, महिला, युवा और उद्यमी सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना है। उद्यमियों को सस्ता ऋण, वंचित वर्गों को स्वरोजगार के अवसर और किसानों को उर्वरक सब्सिडी के माध्यम से राहत देने वाले ये निर्णय विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

श्री मौर्य ने सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहन देने, महिलाओं एवं वंचित वर्गों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने तथा अन्नदाता किसानों के हितों की रक्षा करने वाले इन जनकल्याणकारी निर्णयों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

सम्पर्क सूत्रः बी0एल0 यादव

अवनीश श्रीवास्तव /5:40PM

फोन नम्बर Direct : 0522 2239023 ई0पी0बी0,क्स0 : 0522 2239132 33 34 35 ,एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522 2237230 0522 2239586 ई–मेल :upsoochna@gmail-com
वेबसाइट :www.information.up.gov